# अशोक नगर





# पालकी में विराजमान होकर आ रहीं मां जगदम्बा : मिश्र

## आज से चैत नवरात्र प्रारंभ, माता मंदिरों की गई विशेष साज-सज्जा, मंदिरों पर उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** भक्ति और आस्था का महापर्व चैत्र नवरात्र आज से प्रारंभ हो रहे है, जिसके चलते श्रद्धालु नौ दिनों तक मां दगदम्बा की भक्ति करते हुए नजर आयेंगे। तो वहीं नवरात्र प्रारंभ होने से पूर्व जिले के छोटे-बड़े सभी माता रानी मंदिरों में विशेष साज-सज्जा की गई। इस बार नवरात्र 19 मार्च से शुरू होकर 27 मार्च तक चलेंगे। इन नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाएगी। खास बात यह है कि नवरात्र के साथ ही हिंदू



नववर्ष की भी शुरुआत मानी जाती है, जिससे इस पर्व का महत्व और बढ़ जाता है। पुजारी किशन लाल मिश्रा ने बताया कि गुड़ी पड़वा नव संवत्सर महापर्व प्रारंभ हो रहा है, उन्होंने बताया कि इस वर्ष राजा पद श्री गुरुदेव बृहस्पति को प्राप्त हुआ एवं मंत्री पद मंगल देव को प्राप्त हुआ है, कुल मिलाकर सात पद शुभ ग्रहों को प्राप्त है एवं तीन पद अशुभ ग्रहों को प्राप्त है। वहीं गुरुवार पढ़ने से माता पालकी में विराजमान होकर आ रही है, जो की शुभ संकेत देती हैं एवं विसर्जन हाथी की सवारी से होगा।

**इन मंदिरों में पर होंगे खास आयोजन:**

नवरात्र के अवसर पर जिले के माता के मंदिरों की विशेष साज सज्जा की गई, तो वहीं यहां पर नवरात्र के अवसर विशेष आयोजन भी होंगे। बता दे कि जिलामुख्यालय स्थित मां शीतला माता मंदिर, छैलावाग स्थित मां कालीमाता मंदिर, समीपस्थ ग्राम तूमैन में विध्यवासनी मंदिर, कदवाया स्थित मां बीजासन मंदिर, चंदेरी स्थित मां जागेश्वरी मंदिर और करीला स्थित मां जानकी के मंदिर पर विशेष आयोजन होंगे। जिसके चलते मंदिरों में विशेष तैयारिया की गई, तो वहीं नवरात्र में प्रतिदिन सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचकर पूजन-हवन और उपासना करते हुए नजर आयेंगे। वहीं श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जा रहा है, जिसमें कन्या पूजन प्रतिदिन तिथि अनुसार किया जाएगा।

**कलश स्थापना के शुभ मुहूर्त:**

नवरात्र पर कलश स्थापना का विशेष महत्व है, जिसमें सुबह 6:00 से 7:40 बजे और 9:16 से 10:56 बजे तक का समय शुभ माना गया है। इसके अलावा दोपहर में अभिजीत मुहूर्त 11:30 से 01:30 बजे तक भी रहेगा।



# एसडीएम को निरीक्षण में बंद मिली राशन की दुकान

**निरीक्षण के दौरान मिली कमियां**

**राशन वितरण न करने पर नोटिस किये जारी**

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** राशन दुकान संचालक किस तरह मनमानी पूर्वक राशन दुकान का संचालन करते है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जब एसडीएम इसरार खान द्वारा मल्हारगढ़ और बिल्हेरु की राशन दुकानों का औचक निरीक्षण किया, जहां दुकानें बंद मिली। साथ ही इस माह वितरण भी कम बाटा गया, जिससे एसडीएम ने कारण बताओ नोटिस जारी किया, जिसका जवाब संतुष्टि पूर्ण नहीं मिलने पर कार्यवाही की जाएगी। उल्लेखनीय है कि इस बार राशन दुकानों पर दो माह का राशन एक साथ वितरित होना है, जिसमें माह मार्च एवं अप्रैल का राशन वितरित किया जाना है। जिसमें मल्हारगढ़ में 2 प्रतिशत और बिल्हेरु में 24 प्रतिशत ही राशन का वितरण किया गया है। जिसपर एसडीएम ने प्रबंधक गोविंद सिंह दांगी एवं विक्रेता दुकान मल्हारगढ़ नंदन गोस्वामी, बिल्हेरु विक्रेता सौरभ सिंह राजपूत को मध्य प्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया है। देखा जाए तो राशन दुकानों पर अक्सर प्रबंधक और सेल्समैन की मनमानी देखने को मिलती है और वह अपने हिसाब से ही राशन का वितरण करते है क्षेत्र में कई राशन दुकानें ऐसी होगी, जिनकी शिकायत अक्सर अधिकारियों तक आती रहती है मगर ठोस कार्यवाही नहीं होने से इनके हौसले बुलंद रहते है और हितग्राही हर बार इनकी शिकायत लेकर ऑफिसों के चक्कर लगाते नजर आते है।

**कई बार हो चुकी है शिकायत:**

जिले के मुंगावली विकासखंड के अंतर्गत आने वाली राशन दुकानों में गड़बड़ी की कई शिकायत हितग्राहियों द्वारा की जा चुकी है। जिसके बाद भी कार्यवाहीं देखने को मिली थी।

## एक नजर में

### संकल्प से समाधान शिविरों का आयोजन

**अशोकनगर।** शासन के निर्देशानुसार जिले में संकल्प से समाधान अभियान के तहत कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन में विकासखण्ड स्तरीय शिविरों का आयोजन किया गया है। विकासखण्ड मुंगावली अंतर्गत 19 मार्च को नगर परिषद पिपरई, विकासखण्ड चंदेरी में 23 मार्च को नगरपालिका चंदेरी में तथा विकासखण्ड अशोकनगर में 26 मार्च को नगर परिषद शाढौरा में आयोजित किये गये है।

### सम्राट विक्रमादित्य नाट्य मंचन आज

अशोकनगर। विक्रमोत्सव 2026 के अंतर्गत सूर्य उपासना कार्यक्रम एवं नाट्य प्रस्तुति सम्राट विक्रमादित्य का आयोजन 19 मार्च को स्थानीय मानस भवन गौशाला अशोकनगर में प्रात: 09 बजे से किया गया है।

### नानकपुर में जल महोत्सव का आयोजन

**अशोकनगर।** 8 मार्च से 22 मार्च तक चलने वाले जल महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्राम पंचायत नानकपुर के ग्राम नानकपुर में जल महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में माध्यमिक विद्यालय के बच्चों से स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता करवाई गई तथा उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। वहीं ग्राम में नल जल योजना के संचालन कर्ता पंप ऑपरेटर का भी सम्मान किया गया तथा ग्राम पंचायत को फील्ड टेस्ट कीट दी गई। जिससे वह समय-समय पर पानी की जांच कर सके तथा दूषित पानी से होने वाली बीमारियों से ग्रामवासियों को बचाया जा सके। साथ ही जल शपथ दिलवाकर सभी ग्रामवासियों को जल को व्यर्थ न बहाने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान चंदेरी जनपद अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह बुंदेला, एसडीएम चंदेरी मनीष धनगर, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन जंत्री कुलदीप कुशवाहा, सहायक यंत्री धर्मांशु दीक्षित, ब्लॉक समन्वयक अविनाश गोस्वामी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# हर मोर्चे पर सफलता के झंडे गाढ़ रही महिलाएं : प्रियदर्शनी

## महिला सम्मेलन के दौरान सांसद सिंधिया की धर्मपत्नि महिलाओं को किया संबोधित

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह 21वीं सदी का भारत है, और यहां महिलाएं अपने आप को सशक्त महसूस कर रही हैं, इतना ही नहीं आत्मनिर्भर होने के साथ आज की नारी देश विदेश में हर मोर्चे पर अपनी सफलता के झंडे गाढ़ रहीं हैं। यह बात बुधवार को स्टेशन रोड स्थित अग्रवाल पैलेस में आशा उषा कार्यकर्ता संगठन द्वारा आयोजित मातृशक्ति सम्मान समारोह के दौरान सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया की धर्मपत्नी प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया ने महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज महिलाएं आत्मनिर्भर हैं और हर



क्षेत्र में उनका दबदबा कायम है। पायलट के रूप में आकाश में उड़ान भरने के साथ मेहनतकश के रूप में मजदूरी, ऑटो रिक्शा चलाने तक महिलाओं ने समाज में हर चुनौती भरा काम बड़ी खूबी और सफलता के साथ किया है, जहां घर में ममतामई मां बहन बेटी और पत्नी के रूप में अपनी जिम्मेदारी को निभाकर पूरे परिवार को एकजुट रखती हैं। वहीं समाज के हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाती हैं। राजनीति और समाज सेवा से लेकर हर क्षेत्र में देश की आधी आबादी रुतबा कायम है। आज नारी अबला नहीं सबला है। सम्मेलन के पूर्व श्रीमती सिंधिया का आशा उषा संगठन की प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य महिलाओं ने स्वागत सम्मान किया। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री शीला जाटव, नपा उपाध्यक्ष रीना शर्मा, जनपद पंचायत सदस्य शीतल कलावत, अनीता जैन, गीता आर्य, हेमलता रघुवंशी, निक्की रघुवंशी आरती रघुवंशी, वर्षा बडकुल सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह किया स्वागत:

क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की पत्नि प्रियदर्शनी राजे सिंधिया के आगमन पर जिले के विभिन्न स्थानों पर श्रीमति सिंधिया को स्वागत भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा किया गया। इस दौरान नईसरांय के शाढ़ौरा रोड़ पर भारतीय जनता पार्टी मंडल मंडल अध्यक्ष दिनेश रघुवंशी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओ ने श्रीमति सिंधिया का पुष्प गुच्छ भेंट कर फूल वर्षाकर स्वागत किया। इस मौके लखन सिंह धुर्रा, सुनील सिंह महिदपुर, रामकुमार घटावदा, चंद्रभान महिदपुर, संजीव अखाई, हरसू रघुवंशी कड़ेसरा, विनोद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# नरवाई प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित

**कटाई में स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम के प्रयोग पर बल**

**एसडीएम ने दिये समस्त कर्मचारियों को निर्देश**

**नवभारत न्यूज**

**चंदेरी।** खंड स्तरीय नरवाई प्रबंधन समिति की बैठक बुधवार को एसडीएम की अध्यक्षता में एसडीएम कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें क्षेत्र के हार्वेस्टर एवं भूसा मशीन संचालक उपस्थित रहे। इस दौरान एसडीएम ने निर्देशित किया गया कि हार्वेस्टर के साथ स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम का उपयोग करे या भूसा बनाने वाली मशीन का भी उपयोग करे ताकि कम से कम आगजनी की शिकायते प्राप्त हो। साथ ही



पंचायत इंस्पेक्टर को निर्देश दिए गए कि हर पंचायत में पानी से भरे टैंकर उपलब्ध हो ताकि आगजमी की स्थिति से निपटा जा सके। वहीं कृषि विभाग को निर्देश दिए गए कि नरवाई न जलाए और अगर जलाने पर अर्थदंड के प्रावधान के बारे में गांव-गांव जाकर प्रचार प्रसार करे। बैठक में तहसीलदार दिलीप दरोगा, एसएडीओ. कृषि रविन्द्र यादव, पंचायत इंस्पेक्टर और किसान संघ के वकील सिंह लोधी एवं समस्त कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित रहे।

# MSP की गारंटी की मांग को लेकर बैठक का आयोजन

**किसान मजदूर संगठन के नेतृत्व में हुआ आयोजन**

**ग्राम गनिहारी में आयोजित की गई बैठक**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** ईसागढ़ तहसील के गनिहारी गांव में ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन द्वारा प्रदेशव्यापी विरोध सप्ताह (17-24 मार्च 2026) के तहत एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में किसान, खेत मजदूर और ग्रामीण एकजुट हुए तथा अपने हकों को लेकर जोरदार आवाज बुलंद की। बैठक में मुख्य रूप से सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) की



कानूनी गारंटी और सरकारी खरीद सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई। इसके साथ ही प्रीपेड स्मार्ट मीटर, अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौते तथा किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। इस दौरान के जिला सचिव कृष्णा बैरागी ने बताया कि प्रदेशव्यापी विरोध सप्ताह के तहत 17 मार्च से 24 मार्च तक लगातार गांव-गांव में जनजागरण अभियान चलाया जाएगा, ताकि किसान, मजदूर और ग्रामीण अपनी समस्याओं को लेकर संगठित हो सकें। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई, कर्ज का बोझ, सिंचाई और बिजली संकट, महंगे कृषि संसाधन तथा फसलों के उचित दाम न मिलने से किसानों की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है।

बैठक में वक्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियां बड़े पूंजीपतियों के पक्ष में हैं, जिससे खेती-किसानी पर संकट गहराता जा रहा है। अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को भी किसानों के हितों के खिलाफ बताते हुए इसे वापस लेने की मांग की गई। साथ ही बिजली के निजीकरण और प्रीपेड स्मार्ट मीटर लागू करने के फैसले को आम उपभोक्ताओं और किसानों पर अतिरिक्त बोझ बताया गया। कार्यक्रम के अंत में संगठन ने गांव-गांव में जनजागृति अभियान चलाने, ग्राम सभाएं और महापंचायतें आयोजित करने तथा आंदोलन को मजबूत बनाने के लिए अधिक से अधिक लोगों से जुड़ने की अपील की।

# गेहूं खरीदी में गुणवत्ता का रखा जाए ध्यान : मालवीय

**गेहूं उपार्जन की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित**

**बैठक में कलेक्टर ने दिये अधिकारियों को निर्देश**

**नवभारत न्यूज**

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेंट सभाकक्ष में गेहूं उपार्जन की तैयारियां संबंधी बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि गेहूं खरीदी के दौरान गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा किसी भी स्थिति में गुणवत्ता से समझौता न किया जाए। उन्होंने सभी एसडीएम को अपने-अपने ब्लॉक स्तर पर बैठक आयोजित कर



खरीदी प्रक्रिया और गुणवत्ता मानकों के बारे में स्पष्ट जानकारी देने के निर्देश दिए। जिले में गेहूं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सर्वेयरों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। बैठक में बताया कि जिले में 7 अप्रैल से गेहूं उपार्जन खरीदी कार्य प्रारंभ होगा। इसके पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी खरीदी केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में बारदान (बोरियां) सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही उपार्जन केन्द्रों पर तौल कांटों की व्यवस्था, धर्मकांटो की मेपिंग, परिवहन, भण्डारण के संबंध में विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

**गौशालाओं में बनाई जाए पानी की टंकी :**

कलेक्टर साकेत मालवीय के समक्ष जनसुनवाई में गौ सेवकों से प्राप्त आवेदन के माध्यम से ग्रीष्मकाल में गौवंश एवं पशुओं के पेयजल की व्यवस्था हेतु जिले की समस्त गौशालाओं में 10,000 लीटर की पानी की टंकी का निर्माण किया जाना है। जिसकी तकनीकी प्राक्कलन कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा तैयार किया गया है। उक्त प्राक्कलन अनुसार पानी की टंकी का निर्माण ग्राम पंचायतों के खातों में 15वां वित्त, 5वे वित्त, सासंद निधि, विधायक निधि एवं अन्य किसी मद में होगी।

# जहन्नुम से निजात, रमजान का आखिरी अशरा

**नवभारत न्यूज**

**चंदेरी।** रमजान के 21वें रोज़े से लेकर चांद रात 29 वी 30 वें रोज़े तक के समय को आखिरी अशरा कहा जाता है, इस्लामी मान्यताओं के अनुसार रमजान का पहला अशरा मगफिरत का दूसरा मकसद का और तीसरा अशरा जहन्नुम से आजादी(दो जख की आग से बचाव)का होता है। जिले में रमजान का महिना महीने भर मुस्लिम समाज ने अल्लाह के लिए रोज़े रखकर इबादत करते हुए अपने गुनाहों की माफी मांगी। साथ ही सभी मस्जिदों में तरावीह पढ़ी तरावीह में पेश इमाम हाफिज साहब ने कुरान शरीफ सुना कर तरावीह की नमाज अदा करवाई गई, जो शवे कद्र की रात तरावीह मुकम्मल हो गई, अब मुस्लिमों को ईद का इंतजार है। चांद रात के लिए उत्साहित समाज के लोग 29वे रमजान 19 मार्च का इंतजार कर रहे हैं। उस दिन 29वां रोज़ा है और उसी दिन चांद रात भी हो सकती है। पर ऐसी संभावना अधिक है कि चांद 30 वें रोज़े यानि शुक्रवार को होगी। इसके अलग-अलग कारण हो सकते हैं। मुख्य वजह यह है कि सामान्यत चांद हिंदू संस्कृति के अनुसार दोज को दिखता है इसकी ठोस वजह यह बन रही है। वहीं 18 मार्च को हिंदू संस्कृति का नववर्ष गुड़ी पड़वा है उस दिन एकम गुरुवार को पड़ रही है और शक्रवार को दोज है पर विशेष परिस्थितियों में चांद नजर भी आ सकता है पर उम्मीद और सभी संयोग ऐसे बन रहें हैं कि चांद रात शक्रवार को



दोज को ही संभव है। रमजान का महिना इबादत रोज़े रखकर बीता सभी मस्जिदों में नमाज़ी नज़र आ रहे हैं। चांद रात मुसलमान आज ही समझकर 29वे रोज़े को ही शहर की बड़ी मस्जिदों में रोजा इफ्तार का इंतजाम किया गया है।

**नौ साल के हस्तान शेख ने रखा पहला रोजा:**

आज 28 वें रोज़े पर नौ साल के हस्तान शेख ने अपना पहला रोजा रख कर नई मिसाल कायम की आज हस्तान शेख का रोजा इफ्तार दरगाह हजरत मखदूम शाह विलायत की मस्जिद पर शहर के प्रतिष्ठित लोगों ने कराया और उन्हें मुबारकबाद दी इस मौके पर उनकी गुलपोशी की गइ। हाजी अजीज खान, अख्तर खान पठान, अनीस कुरेशी, एहसान शेख, रज्जब रायन, अनीस उल्ला खान ने उन्हें मुबारकबाद दी और अल्लाह के बताए हुए रास्ते पर चलने की दुआएं मांगी गई।

## आवेदनों की समीक्षा हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

**अशोकनगर।** जन समस्याओं के निवारण हेतु प्रति मंगलवार जनसुनवाई में आम जनों से आवेदन निराकरण हेतु कार्यालय कलेक्टर में प्राप्त होते है, व सीएम हेल्पलाइन 181 पोर्टल पर शिकायतें और शासन के द्वारा महत्वपूर्ण पत्र समस्त विभागों के कार्यालयों में प्राप्त होते है, जिनका निराकरण समय-सीमा में शासन निर्देशानुसार किया जाना अनिवार्य है। कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर डीएन सिंह द्वारा जिला स्तर पर कार्यालय कलेक्टर जिला में विभागों के द्वारा आवेदनों/शिकायतों के निराकरण की समीक्षा प्रभारी/नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये है। जारी आदेशानुसार अपर कलेक्टर डीएन सिंह समस्त विभागों की लंबित टीएल समीक्षा हेतु प्रभारी अधिकारी, संयुक्त कलेक्टर आरवी सिंडोस्कर समस्त विभागों की लंबित सीएम हेल्पलाइन समीक्षा हेतु (प्रभारी) अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर बृजविहारी लाल श्रीवास्तव जनसुनवाई समीक्षा हेतु (प्रभारी) अधिकारी प्रति गुरूवार प्रात: 11 बजे से कार्य समाप्त तक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष समीक्षा करेगें।

**कार्यक्रम**

**बसों के माध्यम से पहुंचाया जा रहा है कैम्पों में**

# शिवपुरी में आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में मरीजों को ले जाने की गई व्यवस्था

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** रोटरी क्लब श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन एवं जिला प्रशासन के तत्वाधान में शिवपुरी मेडीकल कॉलेज में वृहद् स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 17 मार्च से 24 मार्च तक किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा गंभीर रोगों से ग्रसित मरीजों को उपचार प्रदान किया जायेगा।



उक्त कैम्पों के संबंध में जिला अशोकनगर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर तक मरीजों की स्क्रीनिंग की गई एवं गंभीर रोगों से ग्रसित 1026 मरीजों को चिन्हांकित किया गया है। 17 मार्च को विकासखण्ड ईसागढ़ से 168 मरीजों एवं विकासखण्ड मुंगावली से 131 मरीजों को नि:शुल्क बसों के माध्यम से दोपहर का भोजन प्रदाय करते हुये स्वास्थ्य कैम्प हेतु शिवपुरी भेजा गया, जहां पर उनका उपचार, जॉच एवं दवायें प्रदाय करते हुये सेवायें प्रदान की गईं। सभी मरीज इसी दिवस में अपने गन्तव्य स्थल पर पहुंचायें गये। इस कार्य में समस्त विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। वहीं गुरूवार 19 मार्च को विकास खण्ड शाढ़ौरा एवं 21 एवं 22 मार्च को विकासखण्ड चंदेरी से मरीजों को स्वास्थ्य लाभ हेतु कैम्प में ले जाने की व्यवस्था की गई है।